हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

2 उपभोक्ताओं को स्वयं के घर में विद्युत उत्पादन करने कार्य कर रही सरकार



## खबर संक्षेप

### सायबर अपराधों के संबंध में लोगों को करें जागरूक

**बिर्रा।** सायबर अपराध एवं धोखाधड़ी से बचने लोगों को जागरूक किया जाना है। साथ ही क्षेत्र में महिला कमांडों का गठन करना है। इसे लेकर सीएसपी खपर्डे ने पार्षदों की बैठक ली। इस दौरान नशा सेवन से होने वाले नुकसान की भी जानकारियां दी गई। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सीएसपी जांजगीर सुश्री योगिताबाली खपर्डे द्वारा सायबर अपराध के संबंध में जानकारी दी गई। सायबर अपराध से बचने, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे भी जानकारी दी गई। डिजिटल अरेस्ट से बचने, मोबाइल पर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करे, नशा पान सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। क्षेत्र में महिला कमांडो टीम का गठन करने, पुलिस अधीक्षक जांजगीर -चाम्पा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में जांजगीर -चाम्पा पुलिस द्वारा जन- जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा जांजगीर क्षेत्र के पार्षदो का मीटिंग लिया जाकर सायबर अपराध से बचने के संबंध जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सायबर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रियाः 1. हेल्पलाइन पर कॉल करेंः वित्तीय धोखाधड़ी या किसी अन्य साइबर अपराध के शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करने की अपील की गई। साथ ही भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4 सी) की वेबसाइट पर जाकर अपराध दर्ज कराए।

### 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने का बना प्रावधान

# इंस्पायर अवार्ड योजना, लक्ष्य से आधे छात्र-छात्राओं का भी नहीं हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड योजना से छात्र छात्राओं को जोडने में जिले का शिक्षा विभाग किसी प्रकार गंभीर नहीं है। बीते दिनों इस योजना के तहत जिले के सरकारी एवं निजी स्कूलों में पढ़ने वाले 5 हजार विद्यार्थियों का पंजीयन करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन निर्धारित अवधि में आधे से अधिक बच्चों का पंजीयन नहीं हो सका। ले देकर जिले में 17 सौ 70 बच्चों का पंजीयन हुआ है, जो इस परीक्षा में शामिल होंगे।

गौरतलब है कि भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी इंस्पायर अवार्ड योजना चलाई जा रही है। इसके अंतर्गत नवाचार और मौलिक समाधान सुलझाने वाले छात्र छात्राओं को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान है। इसमें छठवीं से बारहवीं तक सरकारी और निजी स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल हो सकते है। विभागीय जानकारी के मुताबिक शिक्षा सत्र 2025-26 में जांजगीर चांपा जिले में इस योजना के अंतर्गत 390 स्कूलों से 5 हजार बच्चों का पंजीयन करना था। पंजीयन के बाद यह बच्चे विभिन्न स्तरों पर परीक्षा दिलाते और इसके आधार पर उसका चयन आगे होता। बताया जाता है कि इस सत्र के लिए जिले में ले देकर 17 सौ 70 बच्चों का चयन हुआ है, जबकि 5 हजार के निर्धारित लक्ष्य के हिसाब से देखा जाए तो जिम्मेदार विभाग निर्धारित लक्ष्य की तुलना में आधे से अधिक बच्चों का पंजीयन नहीं कर सका है। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत चयनित बच्चों को राष्ट्रपति भवन में आयोजित प्रदर्शनी में भाग लेने का अवसर भी प्राप्त होता है। इसके अलावा छात्र छात्राओं के बौद्धिक सामान्य ज्ञान एवं कला प्रदर्शनी को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से इंस्पायर अवार्ड योजना की शुरूआत 2009 में की गई थी। पहले छठवीं से लेकर दसवीं तक के बच्चों को इसमें शामिल किया जाता था। बाद में इसे बढ़ाकर छठवीं से बारहवीं तक के बच्चों के लिए किया गया है। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत अकलतरा ब्लाक के 740, बलौदा ब्लाक के 840, बम्हनीडीह ब्लाक के 915, नवागढ़ ब्लाक के 1460 एवं पामगढ़ ब्लाक के 1045 छात्र छात्राओं के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया था। जिसके तहत 1770 बच्चों का ही पंजीयन हो सका।



### क्या है इंस्पायर अवार्ड योजना

इंस्पायर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक राष्ट्रीय योजना है, जिसका पूरा नाम ''इनोवेशन इन साइंस परस्यूट फॉर इंस्पायर्ड रिसर्च'' है। इस योजना का उद्देश्य भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को आकर्षित करना, उन्हें बढ़ावा देना और अनुसंधान के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करना है। यह छात्रों को छात्रवृत्तियां, फैलोशिप और मार्गदर्शन प्रदान करती है। योजना के प्रमुख पहलुओं पर एक नजर डाली जाए तो कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों के मूल विचारों व नवाचारों को लक्षित करना, स्कूल छात्रों के 2-3 सर्वश्रेष्ठ मौलिक विचारों को नामांकित करते हैं। चयन प्रक्रिया के तहत प्राप्त ऑनलाइन नामांकनों के आधार पर छात्रों के विचारों की जांच की जाती है और उन्हें जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए चुना जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष परियोजनाओं को 10 हजार का पुरस्कार दिया जाता है, जिससे वे अपने नवाचारों को विकसित कर सकें।

### किया गया है पंजीयन

इंस्पायर अवार्ड योजना के माध्यम से 5 हजार छात्रों के पंजीयन का टारगेट मिला था। जिसमें से 1770 छात्र छात्राओं का पंजीयन किया गया है। योजना के तहत चयनित छात्रों को 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

**-संदीप श्रीवास्तव,**
नोडल अफसर, इंस्पायर अवार्ड योजना

# आंदोलन व चक्काजाम के बाद भी नहीं सुधरी पीथमपुर मार्ग की दशा

### आवागमन में ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चक्काजाम एवं आंदोलन करने के बाद भी जोबी पीथमपुर मार्ग की सडक की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। वही मामले को लेकर अफसरो के द्वारा तत्काल पहल करने का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन इसके दो माह बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। जिसके कारण लोगो को मजबुरन बदहाल सडक से होकर आवागमन करने की मजबूरी बनी हुई है।

विदित हो कि जिला मुख्यालय जांजगीर से जोबी होते हुए पीथमपुर जाने वाले सडक की स्थिती बद से बदतर हो चली है।इस तरह की समस्या विगत पांच सालों से बनी हुई है। इसके बाद भी सडक मरम्मत पर ध्यान तक नही दिया जा रहा है। खासबात यह है कि जोबी पीथमपुर बदहाल सडक की मरम्मत कार्य कराने को लेकर दो माह पहले ही ग्रामीणों के द्वारा जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग के जोबी खोक्सा बायपास मार्ग रेल्वे ओवर ब्रीज के पास ग्रामिणो के द्वारा जांजगीर चाम्पा के विधायक ब्यास नारायण कश्यप सहित जर्वे के सरपंच एवं अन्य लोगो के द्वारा सडक मरम्मत की मांग को लेकर जांजगीर चाम्पा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम एवं आंदोलन भी किया गया था। इसके बाद भी सड़क की स्थिति बद से बदतर हो चली है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग के अफसरों का ध्यान तक नहीं है।

इस संबंध में जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान का कहना है कि जोबी-पीथमपुर मार्ग खराब होने की जानकारी मिल चुकी है। मरम्मत कार्य को लेकर संबंधित अफसरों को निर्देशित किया गया है।



जोबी-पीथमपुर मार्ग की हालत जर्जर।

# 250 किलो महुआ लहान को आबकारी टीम ने किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

आबकारी विभाग की टीम ने 250 किलो महुआ लहान को नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। साथ ही 2 आरोपियों के कब्जे से 90 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त भी किया गया। उक्त कार्रवाई आबकारी विभाग द्वारा की गई है।

ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम झरप (करही) में शुक्रवार 10 अक्टूबर को आबकारी बृत्त जैजैपुर एवं थाना हसौद पुलिस की सयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगाम कसते हुए छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत ग्राम झरप में सत कुमार लहरे पिता दयाराम लहरे उम्र 21 साल एवं दयाराम लहरे पिता ललितराम लहरे उम्र 55 साल दोनों के कब्जे से एक सफ़ेद रंग के 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरिकेन मे 10 लीटर कच्ची महुआ को जब्त किया गया। आबकारी बृत्त जैजेपुर द्वारा दोनों आरोपियो के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक नरेंद्र यादव थाना प्रभारी हसौद, आबकारी उप निरीक्षक कोमल प्रसाद सिदार, थाना हसौद से सउनि बिसोहन, प्रधान आरक्षक नंदूराम साहू, संजय शर्मा, आरक्षक कमलेश धारिया, राजू खूंटे, राजेश यादव, आबकारी बृत्त जैजैपुर से भीम साहू, विरेंद्र यादव, परसराम कहरा, महिला भृत्य बसंती बाई चौधरी, चालक कमलेश यादव का विशेष योगदान रहा।



## खबर संक्षेप

### पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा हरदी का किया गया सामाजिक अंकेक्षण



**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकास खण्ड अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आमानारा (हरदी) में 7 अक्टूबर को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण किया गया, शाला के प्रधान पाठक संतोष तिवारी शिक्षक नरेन्द्र राठौर, आलोक, सीता गढ़ेवाल के उपस्थित में अंकेक्षण किया गया शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष रोहित रात्रा, ठा.राजशेखर सिंह, ठा.गौरव सिंह, गोविंद खरसन व ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमती अंजूलता सूर्यवंशी, उपसरपंच कविता, शिवानंद लसार, रमैया रत्नाकर, गुलशन, अर्जुन, राजू, लक्ष्मण, कृष्णा, हेतराम, योगेश, लता कश्यप, शत्रुहन, राजकुमार सहित समुदाय व पालकों के समक्ष अंकेक्षणकर्ता संतोष देवांगन ने कक्षा में बच्चों से पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, गणित, विज्ञान विषयवार प्रश्न किया गया साथ शाला में प्राप्त संसाधन खेल सामग्री, विज्ञान किट का उचित उपयोग, मध्यान्ह भोजन, बैगलेस डे, इंस्पायर अवार्ड, खेलकूद, यूडाईस, इको क्लब, किचन गार्डन के विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। पालकों से बच्चों के दिनर्चया, पढ़ाई का कोना, आज क्या सीखा इस प्रकार के गतिविधियों की विषय में जानकारी ली गई। शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास पर अभिभावकों व सामुदायिक सदस्यों ने चर्चा किया, सामाजिक अंकेक्षण के तकनीकि मास्टर ट्रेनर नरेन्द्र राठौर मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्त ही मूल अवधारणा को स्पष्ट करते हुए शाला में शैक्षिक गुणवत्ता हेतु पालक-शिक्षक की परस्पर सहभागिता से उचित परिणाम प्राप्त होगा इस प्रकार सफलता पूर्वक सामाजिक अंकेक्षण किया गया।

## निधन

### राजेश कामदार



**चांपा।** स्थानीय गुजराती समाज के प्रतिष्ठित नागरिक बरपाली चौक निवासी स्व. मनसुख भाई कामदार के सुपुत्र राजेश कामदार का गुरूवार 9 अक्टूबर को रात्रि निवास पर निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। स्व. कामदार अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 10 अक्टूबर को अपरान्ह 4 बजे गेमन पुल के पास हसदेव नदी के तट पर पी.आई.एल. बाइपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि पुत्र नमन कामदार ने दी।

### श्रीमती उषा दुबे



**बिर्रा।** ग्राम बिर्रा के दीवान मोहल्ला निवासी नितिन दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती उषा दुबे की हार्ट अटैक से शुक्रवार 10 अक्टूबर को कोरबा में निधन हो गया। वे लगभग 32 वर्ष की थी। अंतिम संस्कार बिर्रा में स्थित कोसईहा मुक्तिधाम बाजार चौंक के पास में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में स्वजाति बंधु के अलावा रिश्तेदार एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### धनसाय यादव



**लोहर्सी।** ग्राम लोहर्सी के प्रतिष्ठित नागरिक धनसाय यादव का आकस्मिक निधन 5 अक्टूबर रविवार को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र मनोज कुमार यादव ने दी। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम किया गया । उनके अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### अनिता सिंह



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम सोनसरी के प्रतिष्ठित नागरिक नवागढ़ जनपद पंचायत के पूर्व लेखापाल स्वर्गीय सुरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी एवं आदर्श शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जांजगीर की शिक्षिका श्रीमती अनीता सिंह का एम्स रायपुर में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे अपने पीछे एक पुत्र, एक पुत्री एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार भीमा तालाब जांजगीर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र अभिनव सिंह ने दी। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगर वासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सुबलचंद विश्वास



**चांपा।** स्थानीय बंगाली समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मंझली तालाब भोजपुर निवासी सुबलचंद विश्वास का शुक्रवार 10 अक्टुबर को निवास पर निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। स्व. विश्वास अपने पीछे भरा-पूरा छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 11 अक्टूबर को हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल. बाइसपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जायेगा। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 9.30 बजे निवास स्थान से निकलेगी।

शिव महापुराण के तीसरे दिन व्यास आचार्य ने काशी की महिमा और नारद कथा का किया वर्णन

# शिव और शक्ति के परमानंद स्वरूप का मनोरम क्षेत्र है कांशीः आचार्य पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समीपस्थ ग्राम बनारी में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा महोत्सव के तीसरे दिन ब्यास आचार्य पंडित मनोज पांडे ने काशी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शंकर जी ने एक ही समय में शक्ति के साथ शिवलोक नामक क्षेत्र का निर्माण किया था, वही क्षेत्र उत्तम क्षेत्र काशी कहलाता है। यह परम निर्माण या मोक्ष का स्थान है, जो सबके ऊपर विराजमान है ।

यह प्रिया प्रियतम रूप अर्थात शक्ति और शिव जो परमानंद स्वरूप हैं, उनका मनोरम क्षेत्र है, नित्य निवास है, इसे परमानंद रूपिणी काशी कहते हैं । भगवान शिव प्रलय काल में भी उसे क्षेत्र को अपने सानिध्य से मुक्त नहीं करते, इसलिए उसे क्षेत्र को विद्वान पुरुष अविमुक्त क्षेत्र कहते हैं। इसका एक नाम आनंद भी है, पिनाकधारी शिव जी ने काशी का नाम पहले आनंदवन रखा था, उसके बाद में अविमुक्त, काशी, वाराणसी और बनारस के नाम से प्रसिद्ध हुआ। तीसरे दिन की कथा में आचार्य श्री ने नारद जी की चर्चा करते हुए कहा कि नारद जी भगवान विष्णु के मन है। भगवान विष्णु जी को जो लीला करनी होती है, वह नारद जी के माध्यम से करते हैं। नारद जी वही करते हैं, जो भगवान चाहते हैं । उनकी लीला देखने में, सुनने में, कुछ अटपटी होती है, परंतु लोक कल्याणकारी ही होता है ।



शिव महापुराण कथा सुनाते पंडित मनोज पांडेय एवं आरती करते यजमान व श्रद्धालु।

नारद जी महान ऋषि हैं, देव ऋषि हैं, उनकी महिमा गरिमा के अनुसार उनका चित्रण लीला नाटक सिनेमा ड्रामा आदि में अच्छे से नहीं हो पाता है। नारद जी का चित्रण एक हंसी मजाक के पात्र के रूप में कर दिया जाता है, तो बड़ी पीड़ा होती है। वे बहुत महान संत हैं, नारद जी ध्रुव और प्रहलाद के गुरु हैं, साथ ही महर्षि व्यास और महर्षि वाल्मीकि को भी क्रमशः श्रीमद् भागवत और राम कथा लेखन के लिए मार्गदर्शन, सलाह, ज्ञान सब प्रदान किया है। ऐसे नारद जी की अनेक लीलाओं का, कथाओं का वर्णन किया गया। कथा श्रवण करने मुख्य यजमान श्रीमती आशा कृष्णकांत तिवारी के साथ जगदीश तिवारी, विजय तिवारी, सत्यप्रकाश तिवारी, राकेश तिवारी, रमाकांत तिवारी, राजेश तिवारी, कमलकांत तिवारी, माधव प्रसाद पाण्डेय, जीवराखन तिवारी, राकेश पाण्डेय, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, मनमोहन दुबे, गोरेलाल मिश्रा, रामेश्वर साव, बोधराम धीवर आदि के साथ आयोजक परिवार और ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बहेराडीह में श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिवस सती चरित्र का वर्णन

**बहेराडीह।** जहां भगवान का अपमान हो, वहां रहना या मौन रहना अधर्म है। सती का चरित्र सच्चे प्रेम, निष्ठा और आत्म बलिदान का प्रतीक है। चुंकि शिव और शक्ति एक दूसरे के बिना अधूरे हैं। वे सृष्टि के संतुलन के दो रूप हैं। उक्त बातें ग्राम बहेराडीहस्थित मां दुर्गा चौक में यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम के तीसरे दिवस सती चरित्र कथा का वर्णन करते हुये कथा वाचक पंडित उत्तम मिश्रा ने ब्यक्त किया। उन्होंने सती की जन्म की कथा के बारे में बताया कि सती का जन्म दक्ष प्रजापति और प्रसूति देवी के घर हुआ। दक्ष ब्रम्हा जी के मानस पुत्र थे। सती वास्तव में भगवान श्री विष्णु की बहन और आदि शक्ति का अवतार थीं। उनका उद्देश्य था कि भगवान शिव से विवाह कर सृष्टि के संतुलन की स्थापना करना। कथा वाचक पं मिश्रा ने कहा कि जन्म से ही सती भगवान शिव की भक्ति करतीं थीं और उनके ध्यान में लीन रहतीं थीं। उन्होंने सती का शिव से विवाह का वर्णन करते हुये कहा कि दक्ष प्रजापति को भगवान शिव का वैराग्य और अलौकिक स्वरूप पसंद नहीं था। वे उन्हें असभ्य और गृहस्थ जीवन के योग्य नहीं मानते थे। लेकिन सती का मन केवल भगवान शिव में ही समर्पित थीं। उन्होंने सैकड़ों वर्षो तक कठोर ब्रत रखकर शिव को प्रसन्न किया। शिव प्रसन्न होकर प्रकट हुए और सती से विवाह करने का वचन दिया। इसके बाद हिमालय के निकट भब्य विवाह समारोह में सती और शिव का दिब्य विवाह सम्पन्न हुआ। इस विवाह में देवता, ऋषि, गन्धर्व और समस्त लोक उपस्थित हुये। सम्पूर्ण ब्रह्मांड ने इस दिब्य मिलन का उत्सव मनाया। कथा श्रवण करने वालों में नन्दलाल यादव, लक्ष्मीन यादव,सियाराम यादव,शिवराम कश्यप, श्याम कंवर, रामकली यादव, घनश्याम यादव,सुभाष यादव, उमेश यादव, राजकुमार यादव, लखन यादव, रामधन यादव, बलराम यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।





## उपभोक्ताओं को स्वयं के घर में विद्युत उत्पादन करने कार्य कर रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विद्युत उपभोक्ताओं को स्वयं के घर में विद्युत उत्पादन करने हेतु एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली बिल योजना की व्यापक जन जागरूकता फैलाने के लिए गुरुवार 9 अक्टूबर को अकलतरा संभाग के अंतर्गत ग्राम अकलतरा रसेड़ा, खरौद एवं पामगढ़ में विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा शिविर लगाकर लोगों को अपने घरों में सोलर रूफ टॉप लगाने की जानकारी प्रदान की गई।

■ प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना अंतर्गत जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता आरके चौहान ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना से केंद्र सरकार विद्युत ग्राहकों को उपभोक्ताओं से उत्पादक बनाने एवं विद्युत आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। सरकार विद्युत उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने हेतु 108000 तक प्रोत्साहन राशि के रूप में सब्सिडी दे रही है। सोलर पैनल से ग्राहकों को आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा एवं बिजली बिल में भी निजात मिलेगी। इंजीनियर बी एल जांगड़े ने बताया कि अकलतरा उप संभाग क्षेत्र में लगभग 40 से ज्यादा ग्राहक योजना का लाभ उठा रहे हैं। इंजीनियर एसके मानकसा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोलर रूफटॉप लगाने पर बैंक द्वारा ब्याज में लोन की सुविधा दी जा रही है। सोलर कनेक्शन के द्वारा 3 किलो वाट से लगभग 300 यूनिट का उत्पादन होता है जिससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में 50% तक की कमी आ सकती है। खपत कम होने पर विद्युत मुफ्त भी हो सकती है। इंजीनियर आशीष कुमार लहरे ने बताया की शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं द्वारा ज्यादा रुचि ली जा रही है। यह शिविर योजना को जन जन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया है। सोलर रूफटॉप आवेदन की प्रक्रिया सरल है। शिविर में आवेदन की प्रक्रिया सब्सिडी लोन संबंधी जानकारी दी गई। अब तक अकलतरा संभाग में 79 कनेक्शन सोलर रूफटॉप कनेक्शन दिए जा चुके हैं जिनमें 60 लोगों को सब्सिडी भी दी जा चुकी है। उपभोक्ताओं में सोलर रूफटॉप संबंधी उत्साह देखा जा रहा है। शिविर में 85 लोगों ने अपनी रुचि दिखाई एवं 55 लोगों के द्वारा सोलर हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम रसेड़ा की सरपंच जानकी देवी, मनीष महेश निर्मलकर, मनोज नेताम, अकलतरा से शरद शर्मा,विजय कुमार सिंघानिया, रूपेण ढहरिया पामगढ़ से राजकुमार साहू, रमेश कुमार संडे, रोहित कुमार ग्राम खरौद से शिव कुमार यादव, प्रदीप थवाईत, बलराम आदित्य आदि ने जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में सोलर वेंडर शारदा कंस्ट्रक्शन, ग्रीन एनर्जी, दुर्गेश सोलर पियूष देवांगन, मनोज खरे आदि ने सहयोग प्रदान किया।



## कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत : बंसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

नगर के देवांगन धर्मशाला में बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी पर्यवेक्षक विवेक बंसल और विधायक शेषराज हरवंश, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवर उपस्थित रहे।

■ कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

इस कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना और आगामी चुनावों के लिए रणनीति तय करना था। साथ ही जिलाध्यक्ष निर्वाचित करने के लिए सभी कांग्रेस जन सैकड़ों की संख्या में उपस्थिति हुए। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विवेक बंसल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं, और सबको मिलकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। विधायक शेषराज हरवंश ने अपने संबोधन में क्षेत्रीय विकास और जनहित के मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता जनता की आवाज बने और गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाए। ब्लाक अध्यक्ष नवल सिंह ठाकुर ने कार्यकर्त्ता, वरिष्ठ जान, पदाधिकारी उपस्थिति एवं सहयोग के सभी को धन्यवाद दिया है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रहलाद देवांगन ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राहौद में अवसर प्रदान करने के लिए संगठन का आभार जताया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, रवि शेखर भारद्वाज, राजेश अग्रवाल, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष गुप्ता, राम कुमार पटेल, रामलाल यादव, सुबोध शुक्ला, आभास बोस सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## शिक्षक ने विद्यालय में अपने खर्च से लगवाया फ्री डिश टीवी सेट

**बिर्रा।** लीला मंडली चौक बिर्रा निवासी शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने अपने जन्मदिन के अवसर पर अपने विद्यालय में फ्री डिश टीवी का पूरा सेट अपने खर्च से लगवाया है। वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सलिहाघाट में पदस्थ में पदस्थ है। शिक्षक बुद्धेश्वर कुमार कश्यप ने बताया कि वे अपने जन्म दिन के अवसर पर पढ़ाई को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने और रुचिकर बनाने के लिए विद्यालय में फ्री डिश टीवी का सेट अपने स्वयं के खर्च लगवाया है। इसका उद्देश्य बच्चों को समय समय पर प्रेरणा दायक चलचित्र दिखाना, नियमित रूप से समाचार का वाचन करना ,परीक्षा पे चर्चा, शिक्षा को डिजिटल क्रांति से जोड़ना आदि विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक चैनल के माध्यम से अध्यापन को प्रभावी बनाना है। इससे बच्चों के अध्यापन कार्य संपन्न होने के बाद शैक्षिक गतिविधियों पर आधारित चैनल के माध्यम ज्ञानार्जन कराया जाता है। जिज्ञासा के साथ बच्चे इसका लाभ ले रहे है।

जाँजगीर मार्केट

फ्री फ्री ऑफर 66% छूट
बॉन्डेड कॉब रेडिमेड कपड़ा शोरूम
1 कपड़ा खरीदने पे 2 फ्री
कॉब कम्पनी के जूते 999/- मात्र
आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर
प्रो. आदित्य शंकर सिंघानिया
मो. 6260115021, 9302362173

## छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई ने नवपदस्थ डीईओ का किया अभिनंदन

**चांपा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला इकाई जांजगीर-चांपा द्वारा नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी अशोक सिन्हा का कलेक्टर परिसर में सौजन्य भेंट के साथ आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम संघ के जिला अध्यक्ष धन्य कुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सौजन्य भेंट के दौरान जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा हरिराम जायसवाल द्वारा संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का औपचारिक परिचय प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "शिक्षक ही समाज की सुदृढ़ नींव हैं।" जिले की शिक्षा गुणवत्ता में व्यापक सुधार के लिए सभी शिक्षक संगठनों के सहयोग से हम मिलकर कार्य करेंगे। हमारा उद्देश्य है कि जिला जांजगीर-चांपा शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त करे। नवपदस्थ डीईओ के स्वागत-अभिनंदन कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय महामंत्री एवं जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा, हरिराम जायसवाल, पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती जयंती दुबे, श्रीमती निशा पटेल, प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन, संभागीय सचिव प्रमोद हंसराज, जिला अध्यक्ष धन्यकुमार पांडेय, प्रांतीय मीडिया प्रभारी डॉ रविन्द्र द्विवेदी ,राजेंद्र जायसवाल जिला समन्वयक उपस्थित थे।

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**नोटिस सूचना पत्र**
क्रमांक/1193/वाचक/तह./2025 पामगढ़,
दिनांक 06/10/25

प्रति,
महेत्तरराम निवासी ग्राम मेऊ तहसील पामगढ़
**विषयः-न्यायालय में उपस्थिति बाबत्।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क. 202501063100058/अ-27/2024-25 पक्षकार मधुसूदन अग्रवाल पिता अक्षय कुमार बनाम गनेशप्रसाद साकिन मेऊ में आवेदक के दादा जी गणेशप्रसाद अग्रवाल पिता हनुमानप्रसाद अग्रवाल के नाम पर ग्राम मेउ में खसरा नंबर 716/3, 716/4, 714/1 रकबा क्रमशः 0.25, 2 25. 1.03 एकड़ भूमि कुल रकबा 3.53 एकड भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक के दादा का उम्र दराज हो जाने से आवेदक के नाम पर उक्त वर्णित भूमि का रजिस्र्टड वसीयतनामा उप पंजीयक नवागढ़ में उपस्थित होकर वसीयतनामा करा दिया गया है। कथित वसीयतनामा दिनांक 02/09/2021 को कराया गया है। जिसके आधार पर आवेदक उक्त भूमि को अपने नाम पर राजस्व रिकार्ड पर नामांतरण कराना चाहता है। अतः उक्त सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 16/10/2025 को अनिवार्य रूप से आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होवे। अनुपस्थित होने की स्थिति में आपके रूप विरूध्द एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

**तहसीलदार**
**पामगढ़ जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चाम्पा जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)**
क्र/ 1258/तह./2025
चाम्पा दिनांक 8/10/2025
**ईश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शशीलता पाल पति डेविड पाल जाति ईसाई निवासी चांपा तहसील चाम्पा जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) ने इस न्यायालय में अपने नानी बुटारी के मृत्यु दिनांक 23/06/1956 स्थान चांपा में होने पर पंजीयन हेतु अनुपलब्धता हल्का पटवारी प्रतिवेदन सहित पेश किया है। अतः जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 22/10/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 8/10/25 को न्यायालय को सील एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

दिनांक 8/10/25
पेशी दिनाक 22/10/25

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**चांपा जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
• सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन), कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹251/- फोन से परामर्श केवल ₹501/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान

पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : 96308-91863

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
नया रामावतार पेट्रोल पंप के सामने, सहदेवड़ा ज्वेलर्स के बाजू दर्री रोड, कोरबा (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : 96308-91863

## खबर संक्षेप

### सिलादेही में खिला ब्रह्मकमल का फूल



**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही के भांठापारा निवासी महेंद्र साहू पिता सहेत्तर साहू के घर पर बुधवार और गुरुवार की रात एक अद्भुत व दुर्लभ दृश्य देखने को मिला। बुधवार की रात में तीन ब्रह्मकमल खिले और गुरुवार की रात में फिर तीन ब्रह्मकमल खिले। ब्रह्मकमल को हिन्दू धर्म में पवित्रता और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। यह फूल केवल रात में खिलता है और कुछ ही घंटों में मुरझा जाता है। महेंद्र साहू के घर ब्रह्मकमल एक साथ खिलने की खबर फैलते ही आसपास के लोग इस अलौकिक नजारे को देखने पहुंचे और पूजन करने लगे।फूलों की मनमोहक सुगंध और दिव्यता ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिवारजनों का कहना है कि यह उनके जीवन का सौभाग्यपूर्ण क्षण है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ब्रह्मकमल का खिलना शुभ संकेत माना जाता है। इसके साथ ही इसका पूजा अर्चना भी किया जाता है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयदशमी उत्सव और पथ संचलन आज

**बिर्रा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का बिर्रा मंडल के तत्वाधान में विजयदशमी उत्सव एवं पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में शनिवार 11 अक्टूबर को आयोजित किया गया है। 11 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे एवं शाम 4 बज़े यह उत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता हरिराम जायसवाल जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जांजगीर चांपा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलाराम भारद्वाज डिप्टी कलेक्टर कोरबा करेंगे। खण्ड कार्यवाहक पिताम्बर कश्यप, खण्ड व्यवस्थापक बुद्धेश्वर कश्यप, मंडल कार्यवाहक रामगोपाल तिवारी ने सभी स्वयंसेवक संघ के सदस्यों को अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

### पहुंची कौशल विकास रथ, बच्चों को दी गई जानकारी



**शिवरीनारायण।** देश की अग्रणी कौशल और उच्च शिक्षा संस्था आईसेक्ट द्वारा आयोजित कौशल रथ कौशल विकास यात्रा 2025 का सफल समापन हो गया। यह यात्रा 6 अक्टूबर से शुरू होकर 20 राज्यों के 300 जिलों में फैले 500 स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचना है और लाखों विद्यार्थियों, युवाओं तथा शिक्षकों को कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों से अवगत कराना है। साथ में पुस्तक यात्रा एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकारों का सम्मान करना ताकि बच्चे ज्यादा से ज्यादा पुस्तक की ओर आकर्षित हो एवं साहित्यकारों का सम्मान करके उनको और साहित्य की ओर अग्रसर होने हेतु प्रेरित करे । 8 अक्टूबर को यह यात्रा सबसे पहले अपने शाखा (आईसेक्ट कंप्यूटर एजुकेशन अमित कंप्यूटर शिवरीनारायण) पहुंची जहां शाखा प्रबंधक रविंद्र केशरवानी अपने शिक्षक आनंद यादव , सुरेश जांगड़े एवं लगभग 200 विद्यार्थियों के साथ बड़े उत्साह से स्वागत किया। योगेश मिश्रा ओएसडी डॉक्टर सी वी रमन यूनिवर्सिटी कोटा और अमित केशरवानी संचालक अमित कंप्यूटर शिवरीनारायण द्वारा पुस्तक यात्रा और कौशल यात्रा की रथ को हरी झंडी दिखाई गई फिर बाइक रैली से बड़े जोर सोर से नगर भ्रमण करते हुए सरस्वती शिशु मंदिर शिवरीनारायण पहुंची जहां स्कूल के विद्यार्थियों आसपास के सभी आईसेक्ट शाखा के शाखा प्रबंधक ,शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक गण को पुस्तक यात्रा और कौशल यात्रा की समस्त जानकारी दी गई। इसके बाद इस कौशल विकास यात्रा को अतिथि योगेश मिश्रा, अरुण साहू, पवन सुल्तानिया, योगेश शर्मा, अश्वनी केशरवानी, वीरेन्द्र प्रताप तिवारी, आकाश राकेश एवं समस्त अतिथियों के द्वारा कौशल रथ को हरी झंडी दिखाते हुए आगे की ओर यात्रा को गतिमान किया गया।

### गौ सेवा आयोग समिति विखं पामगढ़ के अध्यक्ष बने बुद्धेश्वर केशरवानी

**शिवरीनारायण।** नगर के भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद बुद्धेश्वर केशरवानी को छत्तीसगढ़ शासन



द्वारा विकास खंड पामगढ़ गौ सेवा आयोग समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसके साथ ही समिति के सदस्यों में आशीष कश्यप शिवरीनारायण, चंद्रभान साहू बिलारी, धीरज साहू लोहरसी, धीरेन्द्र योगी राहौद, अटल बिहारी पामगढ़ शामिल हैं। बुद्धेश्वर केशरवानी के गौ सेवा आयोग समिति पामगढ़ के ब्लाक अध्यक्ष बनने पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त हैं।

## पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

# चांद के दीदार के साथ हुई करवा चौथ की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुहागिन महिलाओं ने पति की लम्बी आयु की कामना को लेकर शुक्रवार 10 अक्टुबर को करवा चौथ का व्रत रखा। शाम को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की तैयारी की। जब चांद का दीदार हुआ तो विधि-विधान से पूजा कर जल ग्रहण करके व्रत की मान्यता पूरी की।

कार्तिक मास के कृष्णक्ष के चतुर्थी को करवा चौथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत में पाण्डवों की दशा को देखकर भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को अपने पति और परिवार की सुख समृध्दि के लिए इस व्रत को रखने की सलाह दी तब से विवाहित महिलाएं अपने अखंड सुहाग की कामना को लेकर इस दिन उपवास रखती है। इस दौरान शुक्रवार 10 अक्टुबर को महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखा। शाम होते ही नई नवेली दुल्हन की तरह सज-धज कर और पूजा के लिए थाल सजा कर चंद्रोदय का इंतजार करती रही। व्रती महिलाओं ने थाली में गौरी गणेश की स्थापना कर सौभाग्य सामग्री को करवा (मटकी) में रखकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। वहीं पूजा के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर संध्याकाल में पूजा के पश्चात करवा चौथ की कथा का श्रवण किया। इसी क्रम में पूजा की थाली को कतारबद्ध बैठी महिलाओं ने आपस में सात बार घुमाया। इस दौरान भजन व गीत संगीत का दौर चलता रहा। आसमान पर जब चांद निकला तो



विधि विधान से पूजा-अर्चना कर लंबी उम्र की दुआ मांगती सुहागिन।



चलनी से पति का चेहरा देखकर आरती उतारती सुहागिन।

महिलाओं ने चंद्रदेव को चलनी से देखकर जल और दूध से अर्ध्य देकर आरती उतारी। इसके बाद महिलाओं ने अपने पति की पूजा कर पति के हाथ से जल ग्रहण कर उपवास तोड़ा। करवा चौथ को लेकर नई-नवेली दुल्हनों में खासा उत्साह देखा गया। इस वर्ष आसमान में बादल छाए होने के चलते महिलाओं को इंतजार करना पड़ा।

# प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम से समाज में छुपी प्रतिभा को सामने लाने मिलता है मदद : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिला साहू संघ शक्ति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 8 अक्टूबर को सामुदायिक भवन शक्ति में किया गया। मुख्य अतिथि

■ **जिला साहू संघ का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित**

के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव पहुंचे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला साहू संघ के अध्यक्ष डॉक्टर खिलावन साहू द्वारा किया गया। दोपहर 1:00 उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। जिला साहू संघ द्वारा उसके बाद सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा के आरती से किया गया। इसके बाद जिला साहू से संघ के अध्यक्ष डॉक्टर खिलावन साहू ने समाज के सभी लोगों को एकुट होकर समाज की भलाई की दिशा में कार्य करने को कहा तो प्रदेश अध्यक्ष डॉ निरेंद्र साहू ने कहा साहू समाज के सभी चुनाव को निर्विरोध संपन्न हो इस दिशा में सभी मिलजुलकर कार्य करें और चुने हुए जनप्रतिनिधियों को समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने को कहा। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा प्रतिभा सम्मान के माध्यम से राष्ट्रपति पुरस्कार, राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित




मुख्य अतिथि अरुण साव को मांग पत्र सौंपते समाज के लोग।

करने का मौका मिलता है जो समाज का गौरव है। ये आगे आने वाले समय में समाज को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा बड़ी संख्या में लोग आज डॉक्टर बन रहे हैं ऐसे में शक्ति जिले के साहू समाज के बच्चों को आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा कलेक्टर बनने की दिशा में प्रयास किए जाने की जरूरत बताया तो इसके लिए सभी को मेहनत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। दूसरी और उन्होंने कहा इस प्रकार के प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम से समाज में छुपी प्रतिभा को सामने लाने में मदद मिलता हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा आज धर्म परिवर्तन समाज के लिए चुनौती के रूप में सामने आ रहा है ऐसे में सभी साहू समाज के पदाधिकारी को घर-घर पहुंचकर लोगों के सुख-दुख में काम करने को कहा साथ ही लोगों को अन्य धर्म में परिवर्तन नहीं करने के लिए जागरूक करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने युवा पीढ़ी को संस्कार वार बनाने तो सोशल मीडिया के जमाने में मोबाइल इंटरनेट व्हाट्सएप का उपयोग जनहित के कार्यों में करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने 10वीं 12वीं में 75% से अधिक अंक लाने वाले 170 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तो 65 लोगों को विशेष प्रतिभा सम्मान दिया गया जबकि 29 वरिष्ठ नागरिकों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में उन्होंने जिला साहू संघ के अध्यक्ष की मांग पर 50 लाख रुपया साहू समाज के भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा किया। इस अवसर पर मंच में प्रदेश उपाध्यक्ष तिलक साहू, महेश साहू मोहन कुमारी साहू प्रदेश के पदाधिकारी के अलावा परिक्षेत्र तहसील तथा जिला से बड़ी संख्या में साहू समाज से जुड़े लोग शामिल हुए तो कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर पूरन साहू, सुखचरण साहू ,धनेश्वरी साहू प्रकाश साहू, योगेश साहू ,नेत्र साहू, चेतन साहू ,राम अवतार साहू, परमेश्वर साहू ,कमल किशोर साहू, राजेंद्र कुमार साहू ,गिरजा शंकर साहू ,भूपेंद्र साहू ,योगेंद्र साहू ,प्रकाश साहू , पुरुषोत्तम साहू आकाश साहू अनुनय साहू का विशेष योगदान रहा

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश सचिव बने भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

आल इंडिया कांग्रेस कमेटी राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के चेयरमैन सुनील पनवार द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिये नवीन की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है । जिसमें जांजगीर चाम्पा जिले के पामगढ़ निवासी युवा नेता राजेश भारद्वाज को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया है।



राजेश भारद्वाज अभी कांग्रेस के ह्यूमन राइट्स संगठन में जिलाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं ।साथ ही साथ वे एन एस यू आई,युवक कांग्रेस के विभिन्न पदों पर रह चुके हैं । राजेश भारद्वाज की सक्रियता को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा यह जवाबदारी दी गई हैं। उन्होंने इस नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ साथ प्रदेश के अध्यक्ष एवं मुख्य संगठन के पदाधिकारियों के साथ सभी बड़े नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए ,उनके विश्वास पर खरा उतरने की बात कही है । राजेश भारद्वाज के प्रदेश सचिव बनने पर क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है । हर्ष व्यक्त करने वालों में लव तिवारी, संतोष गुप्ता, दुर्गेश्वर तिवारी, रामलाल यादव,मनोज तिवारी, हरप्रसाद साहू, मनोज खरे, शशि प्रताप टांडे, ललित नायक, योगेश्वर सिंह, रामायण पटेल, सुरेंद्र यादव, टिकेश्वर जांगड़े, गुलशन सोनी,संदीप यादव, राजवर्धन सिंह, सन्नी यादव, साखीराम कश्यप, राजेन्द्र यादव, जसप्रीत गांधी, द्वारिका यादव, पप्पू बघेल, लोमश गुप्ता, अनिल गुप्ता, नारायण साहू, देव खोटेल, कोमल ब्रह्मभट्ट शामिल हैं।

## दीपावली में मिट्टी के दिए से जगमगाएंगे घर-आंगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

दीपावली पर्व नजदीक आते ही गांव-गांव में रौनक बढ़ने लगी है। बाजारों में मिठाइयों, सजावट की वस्तुओं के साथ मिट्टी के दीयों की मांग भी तेजी से बढ़ गई है। तुस्मा गांव के कुम्हार विजय प्रजापति इस वर्ष भी अपने हुनर से विभिन्न आकृतियों के आकर्षक मिट्टी के दिए तैयार कर रहे हैं, जो लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं।

तुस्मा के सूदन कुम्हार वर्षों से मिट्टी के दीये बनाने का कार्य करते आ रहे हैं। यह पारंपरिक कला पीढ़ी दर पीढ़ी उनके परिवार में चली आ रही है। आधुनिकता के इस युग में भी सूदन कुम्हार ने इस परंपरा को जीवित रखा है,जिससे ग्रामीण संस्कृति की झलक आज भी दिखाई देती है। दीपावली के आगमन से पहले ही सूदन कुम्हार



मिट्टी से दिये बनाते कुम्हार।

अपने कार्यशाला में दिन-रात मिट्टी के दीये तैयार करने में व्यस्त हैं। वे अलग-अलग आकार, डिज़ाइन और आकृतियों के दिए बना रहे हैं जैसे कमल आकार,चौमुखी दीया,झरोखा दीया और सजावटी रंगीन दीये।चाक से आकार लेती कलामिट्टी के दीये बनाने की प्रक्रिया बेहद रोचक होती है। सूदन कुम्हार पहले उपयुक्त मिट्टी को गूंथते हैं और फिर चाक पर रखकर उसे आकार देते हैं। चाक के घूमते ही उनके कुशल हाथों से मिट्टी का ढेला सुंदर दीये का रूप ले लेता है। यह प्रक्रिया मेहनत,धैर्य और कला का सुंदर संगम है।दीयों को आकार देने के बाद उन्हें कुछ घंटे धूप में सुखाया जाता है। इसके बाद इन्हें भट्टी में पकाया जाता है ताकि दीये मजबूत और टिकाऊ बन सकें।

### बिर्रा में परीक्षा केन्द्र बनाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा में कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा केंद्र स्वीकृत किए जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत जांजगीर चांपा के उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यथाशीघ्र उचित कार्रवाई करने की मांग किए हैं। गौरतलब है कि विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा नगर के अंदर में वर्तमान में दो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और दो अर्ध शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलाकर कुल चार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संचालित है। कक्षा 10 वीं एवं 12वीं का परीक्षा केंद्र स्वीकृत किए जाने की मांग को लेकर श्री जयपुरिया ने डीईओ को ज्ञापन सौंपकर यथा शीघ्र उचित कार्रवाई करने की मांग किए हैं। इसके साथ ही शिक्षा मंडल रायपुर को पत्र जारी किए। उन्होंने सौंपे ज्ञापन एवं शिक्षा मंडल को जारी पत्र में बताया कि बिर्रा एवं आसपास के ग्रामों के सैकड़ों विद्यार्थी हर वर्ष दूर-दराज के परीक्षा केंद्रों तक पहुँचने में भारी कठिनाइयों का सामना करते हैं। विशेषकर छात्राओं एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण होती है। परिवहन सुविधा के अभाव में कई अभिभावक भी अपने बच्चों को परीक्षा के लिए भेजने को लेकर चिंतित रहते हैं।

# बार-बार हो रही बिजली कटौती से नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पंचायत नरियरा में लगातार हो रही बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति

■ **नरियरा में बिजली समस्या को लेकर पार्षदों ने जताई चिंता, सौंपा ज्ञापन**

को लेकर अब जनप्रतिनिधि भी मुखर हो गए हैं। क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था की बदहाली से परेशान नागरिकों की समस्या को देखते हुए पार्षदों ने कार्यपालन अभियंता (विद्युत) को ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित सुधार की मांग की है। नगर पंचायत नरियरा की पार्षद भवानी सिंह कांग्रेस और सुशांत कुमार बंजारे भारतीय जनता पार्टी दोनों ने अलग-अलग पत्र लिखकर विद्युत विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया है। दोनों पार्षदों ने पत्र में उल्लेख किया है कि नगर



पंचायत क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बेहद अनियमित हो चुकी है। दिनभर में कई बार बिजली कटौती होने से नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों ने कहा कि बिजली की अनियमितता से आमजन के साथ-साथ विद्यालयों, स्वास्थ्य सेवाओं और जलापूर्ति जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन जीने के अधिकार में निर्बाध बिजली आपूर्ति भी शामिल है, इसलिए विभाग को तत्काल कदम उठाने चाहिए।दोनों पार्षदों ने मांग की है कि बार-बार की बिजली कटौती का कारण जनता के सामने स्पष्ट किया जाए। आकस्मिक कटौती से पूर्व नागरिकों को सूचना दी जाए। नगर पंचायत क्षेत्र में स्थायी समाधान हेतु तकनीकी सुधार और आवश्यक संसाधन मुहैया कराए जाएं। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो सभी जनप्रतिनिधि व नागरिकों के साथ मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मुद्दे पर नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों में भी भारी रोष देखा जा रहा है। नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि विभाग जल्द ठोस कदम उठाकर स्थायी समाधान करेगा। आर.के.चौहान को ज्ञापन देते हुए जीत रात्रे, गोविंद पाटले,अभिषेक महिपाल, सत्येंद्र बंजारे, वीरू टंडन, आदित्य रात्रे, दीपक टंडन, गुलशन कुर्रे,राघवेंद्र खांडे, ऋषभ लहरे, उपस्थित रहे।

## जूनियर रविन्द्र जैन नीलम सिंह की प्रस्तुति आज

**जांजगीर-चांपा।** नैला में आयोजित अखंड नवधा रामायण में प्रतिदिन मानस मंडलियों द्वारा भगवान राम की महिमा का वर्णन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 11 अक्टूबर को जूनियर रविन्द्र जैन के नाम से प्रसिद्ध अशोक नगर एमपी के नीलम सिंह यादव द्वारा रामायण भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने बताया कि नवधा रामायण में शनिवार 11 अक्टूबर को नीलम सिंह यादव का कार्यक्रम रखा गया है। उनके द्वारा संध्याकालीन समय में रामानंद सागर कृत रामायण में संगीत सम्राट स्व. रविन्द्र जैन द्वारा गए गए रामायण भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा क्षेत्रभर से आए मानस मंडलियों द्वारा मानस गायन व प्रवचन के माध्यम से प्रतिदिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की कथा का वर्णन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने उन्होंने सभी मानस प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।




## लोहर्सी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

# हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की नींव : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहर्सी-तनौद

भारतीय जनता पार्टी मंडल कोडाभाट (खरौद) अंतर्गत ग्राम लोहर्सी में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुक्त वक्ता के रूप में इंजी. रवि पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर घर स्वदेशी-घर घर स्वदेशी अब केवल एक नारा नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की नींव है। उन्होंने आगे कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का विस्तार है।


मुख्य वक्ता इंजी. पाण्डेय ने कार्यकर्ताओं से केंद्र की समस्त योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना




कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते इंजी. रवि पांडेय।

योगदान देने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का यह अभियान विकसित राष्ट्र के लिए जनभागीदारी का सशक्त माध्यम बन रहा है, जो समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वावलंबन एवं भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित कर रहा है। भाजपा कोडाभाट (खरौद) मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्वदेशी वास्तुओं का इस्तेमाल ज्यादा से ज्यादा होना चाहिए, हमें लोकल फोर वोकल के नारे को जन जन तक पहुंचाना होगा। कार्यक्रम का संचालन बसंत यादव ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री हृदय यादव, मंडल कोड़ाभाट अध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह, मंडल महामंत्री उत्तम कुमार सोनी, सनत साहू, गोविंद यादव, रामकीर्तन कश्यप, बसंत यादव, डमरू मनहर, प्रशांत दुबे, सत्यनारायण शर्मा, शरद शर्मा, सनद धीवर, जनक भारद्वाज, रामकृष्ण सोनी, पुष्पराज त्रिपाठी, विजय यादव, रामहरि साहू, सुनील खूंटे, राजकुमार साहू, पुष्पेंद्र सिंह,नेहरू राही, रामचरण कुर्मी, मदन साहू, प्यारे कश्यप, कृष्णकुमार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-9165 411411